02.01.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया–राज्य सरकार ने भी प्रदेश के बजट के लिए आमजन से सुझाव मांगे।

○ कोटा–बूंदी क्षेत्र में सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण कल से शुरू होगा।

○ राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की–राजस्थान की पैरा निशानेबाज़ मोना अग्रवाल को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा।

○ प्रदेश में तेज़ सर्दी और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित–आगामी दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी के आसार।

000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज आगामी केंद्रीय बजट 2025–26 के संबंध में वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में केंद्रीय वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केंद्रीय बजट इस साल पहली फरवरी को संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है।
इधर, प्रदेश के आगामी बजट के लिए आमजन से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में सुझाव भेजने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर विचार और सुझाव राजस्थान के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। ये सुझाव 10 जनवरी तक फाइनेंस डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000

कोटा और बूंदी क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को पोषण की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण कल से शुरू होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर चलाए जा रहे इस अभियान की शुरूआत किशोरपुरा स्थित छप्पन भोग परिसर से होगी। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों की डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ने आज कोटा के एमबीएस अस्पताल और जेके लोन अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने एमबीएस अस्पताल परिसर में खाली पड़े भवन को मरीजों के उपयोग के लिए तैयार करने के निर्देश दिये। श्री बिरला ने मरीजों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में जीर्णोद्धार कार्य करने को भी कहा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवा स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत से जुड़कर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। राज्यपाल आज महाराष्ट्र के लातूर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद–एबीवीपी के 59वें देवगिरी राज्य सम्मेलन में बोल रहे थे। श्री बागडे ने कहा कि एबीवीपी को 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्र के विकास में विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

000

प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जैसलमेर में पोकरण के सरकारी कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। झालावाड में पुलिस, परिवहन विभाग और निजी संस्था की ओर से लोगों को हेलमेट वितरित किये गये। नागौर में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। करौली के श्री महावीरजी में थानाधिकारी कैलाश सामरी ने कविता के माध्यम से लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया।

000

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज़ मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा। इनमें राजस्थान की पैरा निशानेबाज़ मोना अग्रवाल भी शामिल हैं। उन्होंने 2024 के पैरालिम्पिक में आर–2 महिला वर्ग में दस मीटर एयर राइफल एसएच–1 स्पर्धा में देश के लिए कांस्य पदक जीता था। वहीं विभिन्न खेलों के पांच कोच भी द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किये जाएंगे। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार देंगी।

000

प्रदेश में तेज़ सर्दी और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। राज्य के कई जिलों में आज सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। कई स्थानों पर धुंध से दृश्यता काफी कम रही। इससे यातायात प्रभावित रहा। प्रदेश में बीती रात सबसे सबसे कम 3 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के आसार हैं। इससे कोहरे से भी राहत मिलेगी।

................

इस बीच, शीतलहर से पाला पड़ने की आशंका को देखते हुए किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। भीलवाड़ा में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने विनोद जैन ने किसानों को पाले से फसलों को बचाने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड के घोल का छिड़काव करने की सलाह दी है।

000

प्रदेश में पड़ रही तेज़ सर्दी के मद्देनजर आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में बदलाव के लिए जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए जिला कलेक्टरों को मौसम के अनुसार निर्णय लेने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि तेज़ सर्दी के दौरान छुट्टी पर रहने वाले बच्चों को पूरक पोषाहार का वितरण टेक होम राशन के रूप में किया जाएगा।

000

सरिस्का अभ्यारण्य के बाघ एसटी–2402 को आज अलवर के करणपुरा गांव में देखा गया। वन विभाग की टीम इस बाघ पर लगातार नजर बनाए हुए है। ये बाघ आज दौसा के बावड़ीखेड़ा और करिरीया होते हुए अलवर के पीपलहेड़ा और करणपुरा गांव में पहुंच गया। दौसा के जिला वन अधिकारी केतन कुमार ने बताया कि ये बाघ कल दौसा के महुखेड़ा गांव में देखा गया था। इसके बाद से इसे रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है।

000

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की औपचारिक शुरूआत हो गई है। 813वें उर्स में भाग लेने के लिए देश–विदेश से ज़ायरीन पहुंच रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान की ओर से आज मज़ार शरीफ पर चादर पेश की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चार जनवरी को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू चादर चढ़ाएंगे। श्री रिजिजू इसी दिन दरगाह की वेब पोर्टल और गरीब नवाज एप की भी शुरूआत करेंगे। उर्स में बड़ी संख्या में लोगों की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गए हैं। वहीं अकीदतमंदों की सुविधा के लिए भी खास इंतजाम किये गए हैं।

000

केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आज से जयपुर में राजस्थान रंग महोत्सव राजरंगम की शुरूआत हुई। जवाहर कला केन्द्र में शुरू हुए महोत्सव में आज 'काल पुरुषःक्रांतिकारी वीर सावरकर' नाटक का मंचन किया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में डेढ़ सौ कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

वहीं राज्य सरकार के पर्यटन कला और संस्कृति विभाग के सहयोग से 6 जनवरी से "इरफान थियेटर फेस्टिवल" आयोजित किया जाएगा। तीन दिन का ये फेस्टिवल भारतीय सिनेमा और रंगमंच के कलाकार इरफान खान को समर्पित है।

000

जयपुर के पुलिस मुख्यालय में आज नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने साल 2024 में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम में पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से नये साल में भी निष्ठापूर्वक काम करने और प्रदेश में सुरक्षित तथा शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। श्री साहू ने पुलिसकर्मियों से आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करने की बात कही। समारोह में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

000